कार्यालय : जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिद्धार्थनगर।

विज्ञप्ति

दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 304 के अन्तर्गत सत्र न्यायालयों के समक्ष अकिंचन अभियुक्त का शासकीय खर्चे पर बचाव करने हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति करने का प्रविधान है। दिनांक **01–03–2025 से 28–02–2026** की अवधि हेतु उक्त प्रविधान के अन्तर्गत एमिकस–क्यूरी (न्याय–मित्र) की सूची में शामिल होने हेतु जनपद सिद्धार्थनगर में व्यवसायरत अत्यन्त योग्य अधिवक्तागण जिनकी प्रेक्टिस 10 वर्ष से अधिक की है, के प्रार्थना–पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। जो अधिवक्तागण 10 वर्ष या उससे अधिक की लीगल प्रेक्टिस का अनुभव रखते हैं, वे संलग्न प्रारूप में अपना प्रार्थना–पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक **21–02–2025** तक प्रस्तुत कर देवें। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी प्रार्थना–पत्र ग्राहय नहीं होगा।

वाह्य न्यायालय बांसी में न्याय मित्रों की नियुक्ति हेतु, अधिवक्ताओं के प्रार्थना–पत्र **सिविल जज (जू0डि0) बांसी के कार्यालय में मुंसरिम** के पास नियत दिनांक **21–02–2025** तक प्राप्त किये जाएंगे। सिविल जज (जू0डि0) बांसी, प्राप्त प्रार्थना–पत्रों को अपनी संस्तुति के साथ दिनांक **24–02–2025** तक प्रशासनिक कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे।

इस विज्ञप्ति की प्रति न्यायालय के बाहर नोटिस बोर्ड पर लगा दी जावे एवं एक प्रति जिलाधिकारी को इस अनुरोध के साथ भेजी जाय कि वे अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगवा दें। इसकी प्रति जनपद के विभिन्न अधिवक्ता संघों के अध्यक्षों को भी प्रेषित की जावे।

उक्त विज्ञप्ति की एक प्रति सम्बन्धित वेबसाइट पर अपलोड की जाय।

दिनांक:

(विरजेन्द्र कुमार सिंह)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सिद्धार्थनगर।

District & Sessions Judge,
Siddharth Nagar

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– नोडल अधिकारी कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर।

2– सिविल जज (जू0डि0) बांसी, सिद्धार्थनगर।

3– अध्यक्ष/सचिव सिविल सिद्धार्थ बार, एसोशिएशन, सिद्धार्थनगर।

4– अध्यक्ष/सचिव जिला बार एसोशिएशन, सिद्धार्थनगर।

5– अध्यक्ष/सचिव सिविल बार, एसोशिएशन, बांसी, सिद्धार्थनगर।

6– अध्यक्ष/सचिव बार, एसोशिएशन बांसी, सिद्धार्थनगर।

7– वाद लिपिक, कार्यालय जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर।
(नोटिस बोर्ड पर चप्सा करने हेतु)

8– नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायालय, सिद्धार्थनगर।

9– नोटिस बोर्ड, वाह्य न्यायालय बांसी।

आज्ञा से

प्रारूप न्याय मित्र

1– अधिवक्ता का नाम ....

2– पिता का नाम एवं पूर्ण स्थायी पता ....

....

3– वर्तमान निवास स्थान का विवरण ....

....

4– जन्मतिथि ....

5– अधिवक्ता हेतु पंजियन संख्या एवं पंजियन तिथि (अभिलेखीय साक्ष्य सहित) ....

6– प्रशासनिक कार्यालय में अनुरक्षित पंजिका का दर्ज नम्बर ....

7– विधि व्यवसाय में अनुभव की अवधि ....

8– विगत तीन वर्षो में फौजदारी विभाग में किए गये वादों का विवरण तथा जिन न्यायालयों में अभ्यर्थी की पैरवी है, उनके वाद संख्या, पक्षों के नाम, धारा, थाना, निर्णीत तिथि एवं परिणाम भी अंकित किया जाय..

9– अन्य कोई विशेष योग्यता, जिसके आधार पर अभ्यर्थी अपने को उक्त पद हेतु सुयोग्य मानता है..

10– स्वास्थ्य का विवरण..

11– मोबाइल नम्बर ....

आवेदक के हस्ताक्षर